एक नजर में

जीपीओं में वरिष्ठ नागरिकों के लिए नवीन लिफ्ट का शुभारंभ

इंदौर. राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों की वर्षो पुरानी मांग की पूर्ति करते हुए आज इंदौर जीपीओं में नवीनतम लिफ्ट का उद्घाटन श्री विनीत माथुर, मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, म.प्र. परिमंडल, भोपाल के द्वारा किया गया. इस अवसर पर प्रीती अग्रवाल, पोस्टमास्टर जनरल, इंदौर परिक्षेत्र व अन्य अधिकारीगण भी उपस्थिति थे. श्रीमती अग्रवाल ने बताया कि काफी लंबे समय से इंदौर जीपीओं व क्षेत्रीय कार्यालय में आने वाले वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यांगजनों द्वारा जीपीओ भवन में लिफ्ट सुविधा की मांग की जा रही थी. आज वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर इस मांग का पूरा होना एक सुखद संयोग है, यह लिफ्ट विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग जनों के लिए सुविधा का कार्य करेगी. इसके पूर्व श्री माथुर द्वारा इंडिया पोस्ट पेमेन्टस् बैंक शाखा में प्रीमियम आरोग्य बचत खाता की भी शुरूआत की जिसमें ग्राहकों को मात्र रूपये 176/- प्रतिवर्ष में असीमित टेली परामर्श व वीडियो परामर्श से डॉक्टर परामर्श की सुविधा प्राप्त होगी. साथ ही ऑनलाइन बुकिंग पर डायग्नास्टिक सुविधाओं में 40 प्रतिशत व फार्मेसी सुविधा में 15 प्रतिशत तक की छूट प्राप्त होगी.

योगाश्रम में तिरंगा थीम पर की मीटिंग

इंदौर. पंजाबी महिला विकास समिति ने चोरल के पास एक रमणीय योगाश्रम में स्वास्थय लाभ के साथ-साथ स्वतंत्रता दिवस के बाद तिरंगी थीम पर मासिक मीटिंग सम्पन्न. सदस्यों ने सीखा कि किस तरह से योग द्वारा पूरी उम्र स्वस्थ रहा जा सकता है. सदस्यों ने देशभक्ति के गीत गाकर धूमधाम से स्वतन्त्रता दिवस भी मनाया. प्रोग्राम चेयर पर्सन रश्मी नसवा एवं सुमन सूद ने सदस्यों को मनोरंजक गेम्स खिलाए. इसके पश्चात सदस्यों ने योगाश्रम के सात्विक भोजन का आनंद लिया. समिति की अध्यक्षा अंजू शर्मा ने सबका अभिनंदन किया. सचिव स्वीटी टुटेजा ने सचिव प्रतिवेदन प्रस्तुत किया. समिति की संरक्षिका वीणा साहनी ने पुरुस्कार वितरण किया . निशि गंभीर ने आभार माना.

माटी श्रीगणेश प्रतिमा निर्माण कार्यशाला

इंदौर. श्रीवैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स, इंदौर की सांस्कृतिक समिति एवं एनडीएलआई के संयुक्त तत्वावधान में माटी श्रीगणेश प्रतिमा निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कलांजलि सोशल वेलफेयर सोसायटी की संस्थापिका एवं अध्यक्ष हेमलता कुमार तथा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. परितोष अवस्थी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ. प्राचार्य डॉ. अवस्थी ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी है. हमें अपने आराध्य श्रीगणेश की प्रतिमा मिट्टी से ही बनानी चाहिए, ताकि प्रकृति और संस्कृति दोनों का सम्मान हो. मुख्य अतिथि हेमलता कुमार ने सुझाव दिया किमिट्टी से बनी प्रतिमा में बीज (सीड) का भी उपयोग किया जाए, जिससे विसर्जन के बाद पौधा विकसित हो सके और पर्यावरण को नई ऊर्जा मिले. इस कार्यशाला में कलांजलि सोसायटी की सदस्यगण– सोनाली नेरकर, नसीम अली, डेज़ी छेतिया और दीक्षिता अग्रवाल ने विद्यार्थियों को प्रतिमा निर्माण का प्रशिक्षण दिया. कार्यक्रम में समिति संयोजक प्रो. विभोर ऐरन, डॉ. राकेश उपाध्याय, डॉ. ललित चौहान सहित समस्त प्राध्यापकगण एवं विद्यार्थी उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे. सांस्कृतिक समिति संयोजिका डॉ. वंदना मिश्रा ने बताया कि कार्यशाला में विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह और रचनात्मकता के साथ भाग लिया. कार्यक्रम का संचालन डॉ. साक्षी मोटवानी ने किया. कार्यक्रम में 200के लगभग विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दी.

बोहरा समाज ने किया पौधारोपण

इंदौर. एमएसबी स्कूल, इंदौर में प्रोजेक्ट राइज़ और बुरहानी फाउंडेशन इंटरनेशनल के बैनर तले पौधारोपण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया. कार्यक्रम में विशेष रूप से इंदौर नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा जी और आमिल साहब शब्बीर भाई साहब हुसामी उपस्थित रहे. उन्होंने पौधे लगाए और हरियाली को बनाए रखने तथा कचरा प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की अपील की. इस अवसर पर एम.एस.बी. कमेटी के सदस्य ङ्क शेख खुज़ैमा भाई पेटीवाल, अम्मार फहीम, सादिक खान, मज़हर सेठजीवाला, एम.एस.बी. स्कूल के प्रिंसिपल और पर्यावरण देखभाल समिति के सदस्य डॉ. फ़ज़ल हुसैन बरवानीवाला भी उपस्थित रहे. कार्यक्रम ने समाज के सामूहिक दायित्व पर जोर दिया कि हम सब मिलकर पर्यावरण का संरक्षण करें और जनस्वास्थ्य की रक्षा करें.

अग्रवाल परिषद सदस्यों ने की बैजनाथ धाम यात्रा

इंदौर. अग्रवाल परिषद के 100 से अधिक सदस्य बैजनाथ धाम और बगुलामुखी माताजी के दर्शन हेतु दो बसों एवं निजी वाहनों में सवार होकर रवाना हुए. परिषद के अध्यक्ष मनीष खजांची एवं सचिव राजेश नागौरी ने झंडा दिखाकर वाहनों को तीर्थ यात्रा के लिए विदाई किया. यात्रा संयोजक शिव जिंदल एवं संजय गोयल ने बताया कि पहले आगर स्थित बैजनाथ धाम में भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली गई. सभी सदस्य नाचते-गाते बैजनाथ धाम पहुंचे. इसके पश्चात नलखेड़ा स्थित बगुलामुखी माताजी के मंदिर पहुंचे, जहां चुनरी यात्रा निकाली गई. परिषद के सदस्यों ने माताजी को 51 मीटर लंबी चुनरी समर्पित की. यात्रा में कोषाध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, प्रकाश ऐरन, डॉ. आलोक बंसल, अशोक बूबना, अशोक मित्तल, मनीष अग्रवाल भाया, सत्यनारायण अग्रवाल एवं कुमकुम ब्रजवासी का सराहनीय योगदान रहा, जिन्होंने यात्रा के दौरान विभिन्न व्यवस्थाएं संभाली. आगर के समाजसेवी अविनाश ङ्कमधु मित्तल का पुष्प माला एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर परिषद की ओर से सम्मान भी किया गया.

सिंगापुर टाउनशिप के अंडरपास की बाधा दूर

मंत्री सिलावट की पहल पर जल निकासी की समुचित व्यवस्था की

इंदौर. लसूड़िया मोरी क्षेत्र में स्थित सिंगापुर टाउन शिप के अंडरपास में वर्षा के कारण जल भराव होने से यातायात अवरूद्ध हो रहा था. इस समस्या को जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने गंभीरता से लेते हुए निवारण के लिए तुरंत पहल की.

उनकी पहल पर प्रशासन और नगर निगम के अमले ने अंडरपास में बड़े पम्प लगवाकर जल निकासी की समुचित व्यवस्था की. अब अंडरपास में किसी भी तरह का जल भराव नहीं है.

मंत्री श्री सिलावट ने निर्देश दिए कि भविष्य में भी ऐसी व्यवस्था बनाये रखें, जिससे की जल भराव नहीं हो और नागरिकों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े. लगातार हो रही बारिश से लसुड़िया मोरी स्थित सिंगापुर टाउनशिप के अंडरपास में जल भराव की समस्या को देखते हुए

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव, कलेक्टर आशीष सिंह तथा नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा से जल भराव की बार-बार होने वाली समस्या के स्थाई निराकरण हेतु चर्चा की.

कहा कि जल निकासी के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराये जाये तथा भविष्य में किसी प्रकार की जल भराव समस्या न हो इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिए जाए.

नये अंडरपास निर्माण में गति लाने के निर्देश

मंत्री के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त एवं महापौर द्वारा सिंगापुर टाउनशिप अंडरपास में जल भराव की समस्या को देखते हुए जल निकासी हेतु स्थाई रूप से एक बड़ा पंप सेट भिजवाकर तत्काल जल निकासी की गई. मंत्री जी ने रेलवे के अधिकारियों से भी संपर्क कर पास ही बन रहे नवीन अंडरपास के निर्माण में गति लाने के निर्देश दिए.

खजराना गणेश को सवा लाख मोदक का भोग लगेगा

इंदौर. खजराना स्थित सिद्धि विनायक गणेश मंदिर पर इस बार भी खजराना गणेश को भक्त मंडल की ओर से सवा लाख मोदक का प्रसाद समर्पित किया जाएगा.

भक्त मंडल की ओर से गुरुवार से मंदिर पर मोदक निर्माण के काम का शुभारंभ मंदिर के मुख्य पुजारी पं. अशोक भट्ट एवं पं. उदित भट्ट द्वारा वैदिक मंगलाचरण के बीच किया गया. भक्त मंडल की संगीता बागड़ी, नताशा-वरुण बागड़ी, वंशिका-यश गोयल एवं पार्थ बागड़ी, मंदिर के प्रबंधक घनश्याम शुक्ला, सहायक प्रबंधक गौरीशंकर मिश्रा एवं भक्त मंडल से जुड़े अनेक श्रद्धालु इस मौके पर उपस्थित थे.

श्री सिद्धि विनायक भक्त मंडल के अरविंद बागड़ी एवं कैलाश पंच ने बताया कि प्रसिद्ध रसोइये खेमजी महाराज और उनके 30 सहयोगी गुरुवार से 10 सुपर भट्टियों पर मोदक निर्माण में जुट गए हैं. मोदक का निर्माण पूरे 6 दिनों तक लगातार 26 अगस्त की रात तक चलेगा. 27 अगस्त को सुबह 10 बजे मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर आशीष सिंह तथा मंदिर प्रशासक एवं निगम आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा ध्वजा पूजन के साथ गणेशजी को सवा लाख मोदक का भोग समर्पित किया जाएगा.

बैर भाव के विसर्जन और प्रेम के सृजन का महापर्व पर्युषण

इंदौर. विष अर्थात जहर से व्यक्ति एक बार मरता है, लेकिन विषय अर्थात संसार के प्रपंचों में फंसकर मनुष्य को बार-बार या तो मरना पड़ता है या भटकना पड़ता है. पर्युषण पर्व बैर भाव के विसर्जन और प्रेम के सृजन का महापर्व है. विषय, विष से भी ज्यादा खतरनाक है. पर्युषण का महापर्व हमें बुरे विचारों से बचाने की प्रेरणा देता है.

ये विचार हैं युवा हृदय सम्राट, जैनाचार्य विश्वरत्नसागर के सुशिष्य, मुनिप्रवर उत्तमरत्न सागर के, जो उन्होंने अर्बुद गिरिराज जैन श्वेताम्बर तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट पीपली बाजार, जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ एवं नवरत्न परिवार इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में नरसिंह वाटिका स्थित नवरत्न वाटिका पर चल रहे चातुर्मासिक अनुष्ठान की धर्मसभा में पर्युषण महापर्व के दौरान व्यक्त किए. .इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से अध्यक्ष पारसमल बोहरा, संयोजक पुण्यपाल सुराना, कैलाश नाहर, ललित सी. जैन, दिलसुखराज कटारिया, मनीष सुराना, प्रीतेश ओस्तवाल, भरत कोठारी, शेखर गेलड़ा एवं दीपक सुराना ने एक दुर्घटना में जख्मी हुई साध्वीवर्या हेमेन्द्रश्रीजी की सफल शल्य क्रिया करने और पीड़ित मानवता की सेवा में समर्पित चिकित्सकों का डॉ. अरविंद रावत, डॉ. तपन जैन, डॉ. विनय विश्वकर्मा, डॉ. आशुतोष एवं उनके सहयोगियों का शाल-श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर बहुमान किया.

ओजोन थैरेपी के बेहतर परिणाम मिलने लगे

आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में कैंसर व अन्य घावों को भरती है जल्द

संभागायुक्त ने ली अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में बैठक

इंदौर. संभागायुक्त दीपक सिंह की अध्यक्षता में आज शासकीय स्वशासी अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय इंदौर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों एवं गतिविधियों को लेकर बैठक आयोजित की गई. बैठक में आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा प्रारंभ की गई ओजोन थैरेपी की जानकारी दी गई.

बैठख में बताया कि ओजोन थैरेपी कैंसर व अन्य कारणों से हुए घावों को जल्द भरने वाली ओजोन थैरेपी के बेहतर परिणाम मिल रहे है. इस थैरेपी के द्वारा शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाकर बीमारियों को नियंत्रित किया जा सकता है. साथ ही इससे शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। बैठक में शासकीय स्वशासी अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय इंदौर के प्रधानाचार्य/ मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. अजीतपाल सिंह चौहान, एसडीएम राऊ गोपाल वर्मा, अधीक्षक डॉ. जगदीश पंचौली, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे. बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह द्वारा शासकीय स्वशासी अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय इंदौर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों एवं गतिविधियों की प्रगति रिपोर्ट देखी एवं समीक्षा की. बैठक में शासकीय स्वशासी अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय इंदौर के प्राध्यापकों ने भी अपने विचार और सुझाव रखें.

वाहनों के लिए पार्किंग व्यवस्था करें

बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दे कहा कि शा. स्वशासी अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय इंदौर में ओपीडी में आने वाले प्राध्यापकों, विद्यार्थियों एवं मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए वाहनों के लिए अच्छे पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करें. महाविद्यालय परिसर में जड़ी-बूटियों की एक सुंदर नर्सरी बनायी जाये, जिसमें जड़ी-बूटियों के साथ परम्परागत पौधों की विशाल श्रृंखला हो. महाविद्यालय परिसर में जी+2 का सुन्दर भवन बनाया जाए, जिसके बेसमेंट में विशाल पार्किंग और ऊपर योग हाल हो, योग के कार्यक्रम प्रतिमाह आयोजित किए जाए. महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के आधुनिक सुविधाओं से युक्त छात्रावास बनाया जाए. संभागायुक्त ने महाविद्यालय परिसर में निर्माणाधीन रसशाला सहित हर्बल गार्डन का अवलोकन किया.

लायंस के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष सिंह पहली बार 24 को इंदौर आएंगे

नवनिर्वाचित डिस्ट्रीक्ट गवर्नर खंडेलवाल की केबिनेट के समारोह में मुख्य अतिथि होंगे

इंदौर. लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रीक्ट 3233 जी-1 के इतिहास में पहली बार एक स्वर्णिम प्रसंग आ रहा है, जब रविवार, 24 अगस्त को सुबह 11 बजे विमान से लायंस के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष ला. ए.पी. सिंह पहली बार इंदौर आएंगे और कनाड़िया रोड स्थित मौर्या हिल्स, केबीसी कन्वेंशन हाल पर दोपहर 2 बजे से आयोजित होने वाले डिस्ट्रीक्ट गवर्नर लायन अनिल खंडेलवाल की केबिनेट के संस्थापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे.

इस अवसर पर लायंस के दो अंतर्राष्ट्रीय निर्देशक रमेश प्रजापति, संगीता जटिया एवं दो पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निर्देशक वी.के. लड्ढिया एवं ला. कमलेश जैन भी विशेष अतिथि के रूप में इस मौके पर इंदौर आएंगे. प्रदेश के प्रमुख दानदाता एवं समाजसेवी विनोद अग्रवाल एवं शहर के प्रमुख दानदाता सूठीबाई दौलतराम पारमार्थिक ट्रस्ट के प्रमुख बालकृष्ण छावछरिया तथा लायंस के मल्टीपल कौंसिल चेयर पर्सन मनीष शाह भी विशेष अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे. लायंस क्लब के 109 वर्षो के इंदौर के इतिहास में यह पहला मौका है, जब लायंस इंटरनेशनल के अध्यक्ष ला. ए.पी. सिंह पहली बार इंदौर आएंगे. लायंस के नवनिर्वाचित डिस्ट्रीक्ट गवर्नर अनिल खंडेलवाल एवं लायंस के गेट एरिया वाईस लीडर कुलभूषण मित्तल कुक्की ने बताया कि 200 से अधिक देशों में 14 लाख सदस्यों के शीर्ष नेतृत्व के इंदौर आगमन का यह अवसर पहली बार उपस्थित हुआ है. ए.पी. सिंह डिस्ट्रीक्ट केबिनेट के समस्त पदाधिकारियों को अपने-अपने पदों पर संस्थापित करने की प्रक्रिया को पूरा करेंगे. इस मौके पर लायंस जगत के अनेक दिग्गज वर्तमान और पूर्व पदाधिकारी भी इंदौर आ रहे हैं.

रैली भी निकालेंगे- उनके आगमन पर 24 अगस्त को प्रात: एयरपोर्ट से वाहन रैली निकाली जाएगी. वाहन रैली में अधिक कारें और करीब इतने ही दुपहिया वाहन रहेंगे. फैलोशिप एवं दोपहर का भोज दोपहर 12 बजे से होगा। इस मौके पर 'हम हैं ना डॉक्टर ग्रुप, एमजेएफ ग्रुप' एवं आरसी / झेडसी ग्रुप के साथ एक दिलचस्प परिचर्चा का आयोजन दोपहर 1 बजे से होगा। संस्थापन समारोह दोपहर 2 बजे से कनाड़िया रोड स्थित डी मार्ट के सामने मौर्या हिल्स, केबीसी कन्वेंशन हॉल पर होगा।

शनि अमावस्या पर गजासीन धाम में महाआरती

इंदौर. भाद्रपद मास की भादो अमावस्या 23 अगस्त को मनाई जायेगी, अमावस्या जब शनिवार को आती है तो इसे शनि अमावस्या कहा जाता है. इसके साथ ही त्रिवेणी संगम भी इसी दिन बनने जा रहा है. शनि अमावस्या, कुशग्रहणी अमावस्या और पोला अमावस्या के त्रिवेणी संगम पर उषा नगर एक्सटेंशन स्थित गजासीन शनि धाम पर विशेष खप्पर महाआरती आयोजित की जा रही है. शनि साधक डॉ. दादू महाराज के पावन सानिध्य में प्रात: शनि देव को ताप्ती नदी के पवित्र जल से अभिषेक किया जाएगा, पश्चात अपराजिता के नीले पुष्प से प्रभु शनिदेव का श्रृंगार किया जाएगा. रात्रि 8.30 पर सामूहिक शनि चालीसा पाठ, शनि मंत्रों का जाप होएगा तत्पश्चात विशेष खप्पर महाआरती की जाएगा साथ ही प्रसाद वितरण ही किया जाएगा. डॉ. दादू महाराज ने बताया कि इस दिन शनि से संबंधित वस्तुएं जैसे सरसों का तेल, काले तिल, उड़द की दाल और लोहे की वस्तुएं दान करें, साथ ही, गरीबों को भोजन कराएं और उन्हें कपड़े, जूते, छाता, धन आदि का दान करें. कुष्ठ रोगियों की मदद करें. इससे शनिदेव जल्दी प्रसन्न होते है. कुंभ, मीन और मेष राशि के जातक इस अमावस्या का जरूर लाभ प्राप्त करना चाहिए उन पर अभी साढ़े साती चल रही हैं.

दुआओं की दौलत कमाओ : श्रुति मुनि

इंदौर. जिसके पास दुआओं कि दौलत है वह सात पीढ़ी तक सुखी रहता है. हमारे पूर्वजों ने जो भी दौलत कमाई है तो भी वह हमारे साथ चलती है. जब किसी को आप धन, दौलत, भोजन या अन्य कुछ दे नहीं सकते तो उसे दुआ जरूर दें. उसका भला हो, उसकी इच्छा पुरी हो, वह सुखी रहे यह भाव व्यक्त करों सब सुखी रहे यह दुआ दें. यही दौलत कमाओ.

यह विचार महावीर भवन की धर्म सभा में आज के प्रवचन का विषय दुआओं की दौलत कमाईये विषय पर श्रुत मुनि महाराज ने व्यक्त किए. आगे आपने कहा कि बद दुआ किसी की मत लो, कोई ऐसा काम मत करों जिससे बद दुआ मिले. यह बद्दुआ भी सात-सात पीढ़ी तक उदय में आकर पिछा नहीं छोड़ेती है .कई बार हम देखते है कि सब अच्छा चल रहा है परन्तु अचानक हम दिक्कत, परेशानी या नुकसान में आ जाते है तो यह किसी कि बद्दुआ का परिणाम भी हो सकता है. कभी भी दवा काम नहीं आती तो दुआ काम आ जाती है. तपस्वी मधुर मुनीजी महाराज ने अन्तगढ़ दशांक सूत्र की वाचना करते हुऐ कहा कि आगम में परमात्मा हमें यह संदेश दे रहे है कि यह जीवन हमें पिछले कर्मो को क्षय करने के लिये मिला है नये पाप कर्म बाधने के लिये नहीं. भगवान महावीर जन्म वाचन समारोह 24 अगस्त को दोपहर 2 बजे मनाया जाएगा. आज की धर्म सभा में डिपीन जैन, रमेश भंडारी, राजकुमार जैन पंजाबी, अभय झेलावत, गजेन्द्र बोडाना, गजेन्द्र तांतेड़, शरद मेहता, हेमन्त बोहरा, टी.सी. जैन आदि श्रावक गण उपस्थित थे. संचालन प्रकाश भटेवरा ने किया.

कार्यशाला | **एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्यप्रदेश में कार्यशाला का आयोजन**

वायु प्रदूषण कम करने की तकनीक को अपनाएं उद्योग

इंदौर. एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्यप्रदेश में आज वायु प्रदूषण को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया. इसमें इंदौर नगर निगम क्षेत्र में उद्योगों से वायु प्रदूषण कम करने के अवसर नामक समाधान एवं रणनीति प्रपत्र के प्रसार पर चर्चा की गई, जिसे डब्ल्यूआरआई इंडिया ने नगर निगम के सहयोग से विकसित किया है. इस पत्र का उद्देश्य विभिन्न तंत्रों और तकनीकों को अपनाकर वायु प्रदूषण कम करने में उद्योगों का जागरूक करना है.

आयोजन में प्रमुख वक्ता के रूप में एयर क्वालिटी सीटिज प्रोग्राम डब्ल्यूआरआई इंडिया के प्रोग्राम डायरेक्टर डॉ. प्रकाश दुरैस्वामी, एयर क्वालिटी सीटिज प्रोग्राम डब्ल्यूआरआई इंडिया के प्रोग्राम मैनेजर रीतेश कुमार पाटिदार ने पॉवर पाईट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से जानकारी साझा करते हुए कहा कि श्रमिकों को वायु प्रदूषण नियंत्रण के महत्व और सुरक्षित कार्यप्रणाली के बारे में प्रशिक्षित करना आवश्यक है, जिससे वे सुरक्षित और टिकाऊ तरीके से काम कर सकें.

इन उपायों को अपनाकर, उद्योग न केवल अपने पर्यावरणीय प्रदूषण को कम कर सकते हैं, बल्कि श्रमिकों और समुदायों के स्वास्थ्य की रक्षा भी कर सकते हैं. यह एक सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसके लिए सरकार, उद्योग और नागरिकों के बीच सहयोग महत्वपूर्ण है. इस अवसर पर पर्यावरणविद् डॉ. दिलीप वाघेला, एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश मेहता, रोलिंग मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश मित्तल, अनिल पालीवाल, मनीष चौधरी, अनिल बिरानी सहित कई अन्य उद्योगपतियों एवं उद्योग प्रतिनिधियों ने भाग लिया. संचालन सचिव तरूण व्यास ने किया. आभार कमलेश त्रिवेदी ने माना.

संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता

एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश मेहता ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों से उत्पन्न वायु प्रदूषण को कम करने के लिए सरकार और उद्योग के संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता है जिसमें वर्तमान में हमारे उद्योग समस्त नियमों की पालना करते हुए नवीन तकनीक का उपयोग कर रहे हैं. इससे वायु गुणवत्ता में सुधार हो रहा है और एक स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित हो रहा है. अब यह आवश्यक है कि उद्योग प्रदूषण नियंत्रण तकनीकों को अधिक से अधिक अपनाएं और अपने यहा लागू करें.

जानकारी साझा की

कार्यशाला का उद्देश्य ऐसे उद्योग जिनमें भट्टी, चिमनी, बॉयलर आदि का उपयोग होता है तथा कन्फेक्शनरी, नमकीन, हर्बल, कपड़ा उद्योगों को इस रणनीति प्रपत्र की जानकारी साझा करना रहा. औद्योगिक क्षेत्रों से होने वाले वायु प्रदूषण को कम करने के लिए क्या उपाय किये जा सकते है इसकी जानकारी उद्योगों को साझा की गई. इसके अतिरिक्त, सरकारी नियमों और स्थाई प्रथाओं का पालन करने और श्रमिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया.